दिनांकः 28.06.2024
समय : 09:00 ए.एम.
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार।

- प्रदेश में आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए लेक मैनेजमेंट सिस्टम बनाया जायेगा–सिलिसेढ़ झील को रामसर स्थल के रूप में नामित करने के लिए प्रस्ताव होगा तैयार।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिश।
- टी–20 विश्वकप क्रिकेट में भारत फाईनल में पहुंचा–इग्लैण्ड को 68 रन से हराया।

प्रदेश में आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए लेक मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया जायेगा। इसके तहत अजमेर की आनासागर, बीकानेर की लूणकरणसर, फलोदी की खींचन और जयपुर की चंदलाई झील पर एक विशेष पायलट प्रोजेक्ट चलाया जायेगा। कल जयपुर में राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया वन,पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आर्द्रभूमि संरक्षण और संवर्धन के लिए तैयार कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की। प्राधिकरण की सदस्य सचिव मोनाली सेन ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा राज्य के मुख्य वेटलैंड्स को भी रामसर साइट के रूप में नामित करने का प्रयास किया जा रहा है। अब अलवर की सिलीसेढ झील को अंतरराष्ट्रीय महत्व के रामसर स्थल के रूप में नामित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। इससे झील को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण मिल सकेगा।

डीपीआर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अधिकारियों और –कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कल शासन सचिवालय में राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सचिवालय प्रदेश की जनता की भावनाओं, इच्छाओं और उम्मीदों का मुख्य केन्द्र है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने और मदद करने की भावना से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इससे पहले श्री शर्मा ने सचिवालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए।

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने नई दिल्ली में विश्‍व एमएसएमई दिवस पर दो नई योजनाएं शुरू की। इस पहल का लक्ष्य डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क के वास्ते पांच लाख सूक्ष्म और लघु उद्यमों को सुविधा प्रदान करना है। श्री मांझी ने उद्यमी भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में समावेशी और केंद्रित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं के भण्डारण, परिवहन और बिक्री की जानकारी देने वाले नागरिकों को पुरस्कृत करेगा योजना के बारे में जानकारी देते हुए मण्डल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए तक का ईनाम दिया जायेगा। उन्होंने कहा

कि योजना के तहत सूचना मिलने पर स्थानीय निकाय विभाग, शहरी विकास और आवासन विभाग, परिवहन विभाग की ओर से प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं की जब्ती और विधिक कार्रवायी की जाएगी।

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में काफी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी बाघो का दीदार करने पहुंच रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया की मॉनसून के दौरान एक जुलाई से उद्यान के प्रमुख जोन में भ्रमण बंद रहेगा।

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिश हो रही है कल कई जगह मूसलाधार तो कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। जैसलमेर में कल शाम झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट आयी लोगों ने उमस से राहत पायी। उधन कोटा में पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण कोटा बेराज का जल स्तर बढ गया है। इसे देखते हुए कल रात एक गेट खोलकर ढाई हजार क्यूसक पानी की निकासी की गई। दौसा में भी कल विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। इससे निचले ईलाकों में पानी भर गया।

वीसी पीटीसी दौसा

सीकर में भी कल कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। करौली में देररात बारिश के बाद लोगों ने गर्मी से राहत पायी। भरतपुर में कल रात से शुरू हुआ बारिश का दौर अभी तक जारी है। बांरा में बूंदाबांदी हुई, बलोतरा में आज बादल छाए हुए है। बाडमेर में कल मध्यम से तेज बरसात दर्ज की गई। सवाईमाधोपुर, भीलवाडा में भी कही हल्की तो कही तेज बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आज भी कई स्थानों पर बारिश की संभावना है।

अजमेर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान अजयमेरु खेल महाकुंभ 2024 का शुभारंभ 30 जून से होगा। 7 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस महाकुंभ में 19 खेलों को शामिल किया गया है। नगर निगम की ओर से आयोजित हो रहे इस आयोजन में खिलाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने का आज अंतिम दिन है। इससे पहले महाकुंभ की तैयारियों को लेकर कल नगर निगम की बैठक हुई।

बैठक में कार्यक्रम संयोजक उपमहापौर नीरज जैन ने बताया कि हल साल की तरह इस साल भी अजमेर के खिलाडियों को प्रोत्साहन देने और छुपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाने के लिए यह महाकुंभ हो रहा है।

टी–20 विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत ने फाईनल में प्रवेश कर लिया हैं। कल गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गये मैच में भारत ने इग्लैण्ड को 68 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इग्लैण्ड की टीम 103 बनाकर ऑलआउट हो गयी। भारत के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने 3–3 और जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। फाईनल में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मैच कल बारब्डोस में खेला जायेगा।